प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की स्मृति में शोक प्रस्तांव पारित किया गया। बैठक में दो मिनट का मौन धारण कर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी गई। मंत्रिमंडल ने सरकार और समूचे राष्ट्र की ओर से डॉ. मनमोहन सिंह के शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उनके निधन पर केंद्र सरकार ने सात दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है। उनका अंतिम संस्कार कल किया जायेगा।

****************

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से पूरा राष्ट्र शोक में है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को उनके आवास पर श्रद्धांजलि दी। बाद में एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि मनमोहन सिंह का जीवन भावी पीढी के लिए एक मिसाल है कि लोग किस तरह संघर्ष से उबरते हुये उपलब्धियों की ऊंचाई पर पहुंच सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह एक ईमानदार, महान अर्थशास्त्री के तौर पर याद किये जाएंगे जिन्होंने अपना पूरा जीवन सुधार के लिए लगा दिया था।

****************

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर झारखंड सरकार ने सात दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है। ऐसे में 26 दिसंबर से एक जनवरी तक किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा। साथ ही राज्य के सभी भवनों, जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, वे आधे झुके रहेंगे। इस संबंध में हेमंत सरकार के संयुक्त सचिव ने पत्र जारी किया है। इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डाक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

****************

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिनों का राष्ट्रीय शोक घोषित होने के बाद राजधानी रांची के नामकुम स्थित आर्मी मैदान में कल होने वाले मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। कार्यक्रम की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

****************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डाक्टर इरफान अंसारी ने आज रांची स्थित रिम्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से संवाद किया। निरीक्षण के क्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने रिम्स के अधिकारियों को व्यवस्था में आवश्यक सुधार लाने का निर्देश दिया।

****************

हजारीबाग के सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी आग से झुलस गयी हैं। उन्हें बचाने के क्रम में एसडीओ के भी हाथ जल गये हैं। घटना के बाद अनिता देवी को आरोग्यम हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें बोकारो जनरल अस्पताल रेफर कर दिया गया है। चिकित्सकों ने बताया कि अनिता देवी 70 से 75 फ़ीसदी तक जल गयी हैं और उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

****************

आज परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अलबर्ट एक्का की जयंती है। इस मौके पर राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में गुमला जिला मुख्यालय स्थित परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम परिसर में जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपायुक्त सहित जिले के अन्य अधिकारियों ने अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि लांस नायक अलबर्ट एक्का का बलिदान हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है।

****************

चतरा जिले में ग्रीन राशन कार्ड गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****************

राज्य में एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि 28 और 29 दिसंबर को आसमान में बादल छाने से न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। इसके बाद तापमान नीचे आयेगा जिससे ठंड और बढ़ेगी।

*******समाप्त*******